
जगदगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम ने शिष्टाचार भेंट करते हुए मुख्यमंत्री।

# मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना का शुभारम्भ

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाभार्थी माताओं और नवजात शिशुओं को महालक्ष्मी किट वितरित किये

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने चयनित लाभार्थी माताओं और नवजात शिशुओं को महालक्ष्मी किट वितरित किये। पूरे राज्य में समस्त जनपदों के कुल 16929 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि इस अभियान से




व्यापक जनजागरूकता आई है। इससे लिंगानुपात मे सुधार भी देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने आस पास देखें तो पाएंगे कि बेटों की बजाय बेटियां माता पिता का अधिक ख्याल रखती हैं। आज जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ बेटियों ने सफलता न पाई हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा गौरा देवी कन्याधन योजना बेटियों को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना भी शुरू की गयी है।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि हमें बेटियों को आगे बढाने के लिए दोहरी मानसिकता को खत्म करना है। प्रकृति और संविधान ने समानता का संदेश दिया है। इसलिए बेटियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। महिला–पुरूष का समाज में समान महत्व है। भेदभाव की सोच को समाप्त करना है।

प्रसवोपरांत मातृ व कन्या शिशु के पोषण और अतिरिक्त देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत प्रथम दो बालिकाओं/जुड़वा बालिकाओं के जन्म पर माता और नवजात कन्या शिशु को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर सचिव हरि चंद्र सेमवाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत**

प्रथम दो बालिकाओं/जुड़वा बालिकाओं के जन्म पर माता और नवजात कन्या शिशु को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट उपलब्ध कराई जा रही है

**मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना मे आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख/शर्ते**

1. आंगनवाडी केंद्र पर पंजीकरण
2. सरकारी अथवा प्राइवेट माता–शिशु रक्षा कार्ड की प्रति
3. संस्थागत प्रसव प्रमाण पत्र (यदि किसी आकस्मिक कारणवश रास्ते में या घर में प्रसव है हुआ है तो तद्विषयक आंगनवाडी कार्यकर्त्री/मिनी कार्यकर्त्री/आशा वर्कर/चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र )
4. परिवार रजिस्टर की प्रति
5. प्रथम द्वितीय/जुड़वाँ कन्या के जन्म हेतु स्वप्रमाणित घोषणा
6. नियमित सरकारी अर्धसरकारी सेवक तथा आयकरदाता न होने विषयक प्रमाण पत्र।

**सीएम ने जगदगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम ने शिष्टाचार भेंट की**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बीजापुर अतिथि गृह में जगदगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम ने शिष्टाचार भेंट की।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखण्ड को 2027 तक पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित जनता दर्शन हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तराखण्ड को 2027 तक पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। पर्यटन एवं ऊर्जा की दिशा में राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क एवं रेल परियोजनाओं के कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन से राज्य में विभिन्न निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही प्रदेश के 06 हजार गांव इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़े जाएंगे।

### कैंट विधानसभा में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने कैंट विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता का सामान इस्तेमाल करने का अरोप लगाया है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के साथ न सिर्फ वहां निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची बल्कि भविष्य में इससे होने वाले नुकसान पर चिंता भी जताई। शनिवार को कैंट विधानसभा के गोविंदगढ़ वार्ड के शांति विहार में क्षेत्रीय विधायक और नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में नाले की सुरक्षा दीवार का कार्य चल रहा था। मौके पर पहुंचे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद कार्य की गुणवत्ता पर नाराजगी व चिंता जताई।

### पांच साल से अधर में बर्न और ट्रामा सेंटर

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय का बर्न व ट्रामा सेंटर पांच साल बाद भी बनकर तैयार नहीं हुआ है। साल 2017 में इसकी कवायद शुरू की गई थी। दावा था कि यह योजना 2019 तक पूरी हो जाएगी। पर सरकारी काम का ढंग देखिए कि ये अब तक तैयार नहीं हुआ है। दून अस्पताल व दून महिला अस्पताल को करीब छह साल पहले मेडिकल कालेज में तब्दील कर दिया गया था। दावा था कि यह राज्य का सबसे आधुनिक बर्न और ट्रामा सेंटर होगा।

### युवा कांग्रेस कार्यक्रम में सह प्रभारी दीपिका सिंह पांडेय भाग लेंगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा हरिद्वार में आयोजित दो दिवसीय ट्रेनिंग कैंप में कल दिनांक 18 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे उत्तराखण्ड कांग्रेस की सह–प्रभारी दीपिका सिंह पांडेय जी युवा कांग्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगी। परंतु अपरिहार्य कारणों से देवेन्द्र यादव भाग नहीं ले पायेंगे।

# सरकार की नीति पर जमकर बरसे ऊर्जा निगम कार्मिक

**आरोप**

■ 27 जुलाई को आधी रात से रहेंगे हड़ताल पर जाएंगे
■ कार्मिकों की लगातार अनदेखी का लगाया आरोप

**संवाददाता**

देहरादून। लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत ऊर्जा निगम कार्मिकों ने 27 जुलाई मध्य रात्रि से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। गेट मीटिंग में वक्ता सरकार की नीति पर जमकर बरसे और कार्मिकों की लगातार अनदेखी का आरोप लगाया।

चीला विद्युत गृह में शनिवार को ऊर्जा कार्मिकों की गेट मीटिंग



हुई। सभा की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर मोहम्मद अनीश ने कहा कि ऊर्जा निगम के कार्मिक पिछले चार साल से एसीपी की पुरानी व्यवस्था लागू करने, उपनल के माध्यम से कार्योजित कार्मिकों के नियमितीकरण और समान कार्य हेतु समान वेतन को लेकर लगातार शासन–प्रशासन से वार्ता कर रहे हैं, लेकिन सरकार अनदेखी कर रही है।

इंजीनियर पूर्ण सिंह राणा ने कहा कि सरकार ऊर्जा कार्मिकों से बात करने को तैयार नहीं है। हठधर्मिता के चलते पूर्व में 22 दिसंबर 2017 को हुए समझौते को आज तक लागू नहीं किया गया। संघर्ष मोर्चा के चीला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित अब निर्णायक आंदोलन होगा। कर्मचारियों की मांग न मानी गयी तो वह उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई आधी रात से संपूर्ण हड़ताल की जाएगी।

इस दौरान विवेक कुमार, विकास उपाध्याय, नरेंद्र बिष्ट, जगदीश उपाध्याय, राजेश, दीपक, इमरान, अरविंद चौरसिया, चांद कुमार, मीनाक्षी बसेड़ा, संगीता बमराडा, दीपक गिरि, लोकेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह, विजय भदूला, गोपाल रावत आदि रहे।

### सीएम ने परिवहन निगम के कर्मचारियों के वेतन के लिए 34 करोड़ स्वीकृत किए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड परिवहन निगम के कर्मचारियों के वेतन आदि के लिए 34 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उनकी समस्त समस्याओं का समाधान करने के लिये राज्य सरकार तत्पर है। गौरतलब है कि कोरोना के कारण बसों का संचालन न होने से परिवहन निगम को घाटा होने से उसके कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा था। 14 जुलाई को हुई कैबिनेट बैठक में इस पर व्यापक विचार विमर्श किया गया और परिवहन निगम के कर्मचारियों के वेतन इत्यादि विषय के संबंध में सहायता के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड परिवहन निगम के कर्मचारियों के वेतन आदि के लिए 34 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।